Seventeenth Loksabha

p>

Title: Request to start Railway facility from Karjat to Panwal.

श्री श्रीरंग आप्पा बारणे (मावल): अध्यक्ष महोदय, आपने मुझे बोलने का अवसर दिया, इसके लिए मैं आपको धन्यवाद देता हूं । मेरे चुनाव क्षेत्र में करजत से पनवल तक लोकल सेवा चालू करने के बारे में मैं तीन साल से प्रयत्न करता आ रहा हूं । बीते 3 साल में बजट में भी वहां के लिए प्रावधान किया था । यह पूरा क्षेत्र मध्य रेलवे क्षेत्र में आता है । मुंबई के करीब होने के कारण लाखों की संख्या में यात्री यात्रा करते हैं । मुंबई तक यात्रा करने वाले ज्यादातर कामगार, कर्मचारी और व्यापारी होते हैं । इस मार्ग पर जमीन अधिग्रहण का काम बड़ी धीमी गति से चल रहा है । इस कारण इस मार्ग पर रेल लाइन चालू नहीं हुई । मैं आपके माध्यम से रेल मंत्री जी से मांग करता हूं कि करजत से पनवल तक जल्दी से जल्दी रेल सेवा चालू की जाए, ताकि यात्रियों को सुविधा हो, साथ ही साथ इससे रेलवे विभाग को ज्यादा आमदनी होगी ।

माननीय अध्यक्ष: श्री राहुल रमेश शेवले और डॉ. श्रीकांत एकनाथ शिंदे को श्री श्रीरंग आप्पा बारणे द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है ।